[11/3/2022]

प्रश्न सं. [क्र. 282]

अतारांकित प्रश्न क्र.-282 माननीय विधायक :- डॉ.-मयंक ... के प्रश्न के उत्तर ... दिनांक :- 11/3/2022 परिशिष्ट

प्रति,

थाना प्रभारी महोदय
थाना सगरा
जिला रीवा (म.प्र.)

विषय :— शासकीय कार्य में संबंधितों द्वारा बाधा डालने व मारपीट करने व गाली गलौज व धमकी दिये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांकित के तारतम्य में निवेदन है कि विधानसभा में प्रस्तुत/स्वीकृत याचिका क्रमांक 5314/29.10 (प्रति संलग्न) के अनुसार बिजली विभाग द्वारा सर्वे कर के पास गड्ढे कर ट्रांसफार्मर के लिए खंभे गाड़ने लगे। श्री सोनू मिश्रा पिता श्री छोटेलाल मिश्रा द्वारा उक्त शासकीय जमीन को अपने पट्टे का कहकर खंभे नहीं गाड़ने दिया, उसके बाद दूसरे स्थान पर ट्रांसफार्मर के लिए गड्ढे खोदने के बाद पुनः श्री मोनू मिश्रा संविदा रोजगार सहायक विभाग सगरा रीवा द्वारा गड्ढे खोदे होने के बाद भी उन्हें अपने पट्टे का बताकर खम्भे नहीं गाड़ने दिया व गाली गलौज व धमकी देने लगा।

लेकिन जब हमारी टीम दो दिन बाद दिनांक 14.06 को सरकारी विभाग द्वारा भेजा गया तो श्री मोनू मिश्रा दूर जगह पर ट्रांसफार्मर के लिए खम्भे गाड़ने का काम कर रहे थे लेकिन तब भी कहता रहा कि ट्रांसफार्मर मैं यहां भी नहीं लगाने दूंगा।

मैं और मेरी टीम सुबह 9:30 बजे से वहां पर ट्रांसफार्मर के लिए खम्भे गाड़ने के लिए गढ्ढे करने लगे, पानी होने के कारण मशीन से गड्ढे पूरे नहीं खोद सके एवं मजदूरों द्वारा सब्बलों से खोदाई करके खम्भों को खड़ा करके लाकिंग की गई जिसमें शाम के 7+00 बज गये थे, इसके बाद थके हम सभी लोग सामने के घर में (श्रीमती दिलराजकुमारी की माता जी के यहां) पानी पी रहे थे व थक कर बैठ ही थे कि एक गाड़ी बहुत तेज हार्न बजाती हुई पहुंची व जोर जोर से कहने लगा "कहां है इंजीनियर, इधर आ वरना तेरे खंभे तोड़ डालूंगा"।

मैं और मेरी टीम (वर्कर) दौड़ कर (चाय पानी छोड़कर) मौके पर पहुंचे। उक्त गाड़ी में श्री तुलसी मिश्रा, ग्राम मोराई रीवा व अन्य 2 लोग हमारे पहुंचते ही मां–बहन की भद्दी भद्दी गाली देने लगे। श्री तुलसी मिश्रा व उसका लड़का बोला कौंन मादर चोद यहां ट्रांसफार्मर लगाने को खम्भे गाड़ा है, स्कूल के बगल से हैण्डपंप तक सारी जमीन मैने खरीदी है, मैने कहा यहां तो सरकारी जमीन है, यहां तक हैण्डपंप भी सरकारी जमीन पर ही सरकार द्वारा लगाया गया है। तो कहने लगा, अभी सब्बल से तेरी मार करेंगे, ज्यादा कानून मत बता। तुरंत अपने गाड़े गये खम्भे उखाड़ नहीं तो तोड़ डालूंगा।

हमने डर कर उनके भय से वर्करों को ट्रैक्टर की लाईट जलाकर रात में खंभे में चढ़ाकर लाकिंग खोलवाई, लेकिन लाकिंग खोलने में समय लगता है तो श्री तुलसी व उसके पुत्र ने फिर गाली देना शुरू कर दिया व खंभे में सब्बल मारकर तोड़ने

लगे, जबकि वर्कर ऊपर लाकिंग खोल रहा था, आनन–फानन में मैने वर्कर को नीचे उतरवाया व वे सब्बल से मारमार कर खम्भे तोड़ भी डाले व पूरे चारों खम्भे तहस नहस कर दिये व धमकी दी कि पुलिस को सूचना दी तो तेरे को छोड़ेंगे नहीं। मैने डरकर, भयवश एस.पी. साहब को सूचित करवाया, वैसे ही वे तीनों वहां से धमकी देते हुए भाग गये।

अतः महानुभाव से निवेदन है कि उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा की स्वीकृत व सरकार/विभाग द्वारा स्वीकृत सर्वेनुसार ट्रांसफार्मर न लगाने देने वाले संबधितों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने तथा तोड़ फोड़ व धमकी देने वालों पर कार्यवाही/एफआईआर करने की कृपा करें। इसके साथ ही विधानसभा के स्वीकृति अनुसार चिन्हित जगह पर ट्रांसफार्मर गड़वाने के लिए सुरक्षा प्रदान करें, जिससे विधानसभा के विशेषाधिकार का उल्लंघन न हो सके।

धन्यवाद महोदय।

भवदीय

दिनांक

स्थान–सगरा, रीवा (म.प्र.)

1. कृष्णा मिश्रा हस्ता.
2. भास्कर मिश्रा हस्ता.
3. सुशील कुमार रावत हस्ता.
4. पंकज पाल हस्ता.
5. संतोष कोल हस्ता.

सत्यापित प्रति

कार्यपालन अभियंता
कार्या० अधीक्षण अभियंता (सं./सं.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. रीवा

अनुभाग अधिकारी
ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन
भोपाल